आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 24.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने राज्य में पुलिस थानों और आवासीय–प्रशासनिक भवनों के निर्माण के लिए 65 करोड़ रुपये स्वीकृत किए।
- उत्तराखण्ड में एन०सी०सी के विस्तार को केंद्र सरकार ने मंजूरी दी, राज्य में एन०सी०सी के सात हजार पांच सौ कैडेट्स की भर्ती की जाएगी।
- मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के तहत जिलाधिकारियों को जनजातीय गांवों में कैम्प लगाकर जनजाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा।
- प्रदेश की सभी सड़कों को 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त करने के निर्देश।

धनराशि स्वीकृत

राज्य के पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना 2024–25 के तहत केंद्र सरकार ने उत्तराखंड पुलिस के लिए 65 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इससे उत्तराखंड पुलिस को और अधिक सशक्त तथा प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। इनमें 28 करोड़ रुपये 156 आवासीय भवनों के निर्माण और 37 करोड़ 29 लाख रुपए 6 पुलिस थानों तथा 14 पुलिस चौकियों के प्रशासनिक भवनों के निर्माण के लिए मंजूर किए गए हैं। इन परियोजनाओं के तहत बनने वाले भवनों से पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य करने का वातावरण मिलेगा।

एनएसीसी विस्तार

राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एन०सी०सी की चाह रखने वाले युवाओं के लिये खुशखबरी है। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने उत्तराखंड में एनसीसी के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इससे प्रदेश में अब एन०सी०सी में साढ़े सात हजार नये कैडेट्स की भर्ती की जायेगी। नई दिल्ली में आयोजित एन०सी०सी के संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों की द्विवार्षिक कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य में एन०सी०सी के विस्तार, बजट और अवसंरचना से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। डॉ. रावत ने बताया कि बैठक में एन०सी०सी की विस्तार योजना, नीतियों में सुधार करने, वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने और प्रशिक्षण तथा शिविर से जुड़े नये बुनियादी ढ़ांचे की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में एन०सी०सी के लिए बढ़ती मांग के दृष्टिगत कैडेट्स की भर्ती बढाने की मांग रखी गई, जिस पर केंद्र ने मंजूरी दी है। इसमें 50 प्रतिशत महिला कैडेट्स भी भर्ती की जाएंगी।

उत्तराखण्ड कौशल विकास एवं रोजगार सम्मेलन

आगामी अक्टूबर माह में उत्तराखण्ड कौशल विकास एवं रोजगार सम्मेलन की आयोजन किया जाएगा। राज्य के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त करते हुए उनकी रोजगार की चुनौतियों के समाधान के साथ समावेशी और सतत् विकास की रणनीतियों पर मंथन के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। नियोजन विभाग और सेतु आयोग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस सम्मेलन के संबंध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज देहरादून में बैठक ली। उन्होंने इस सम्मेलन में नीति आयोग, अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन, इंस्टीटयूट ऑफ हूयमन डेवलपमेंट, इन्टप्रयोन्रशिप डेवलपमेंट इंस्टीटयूट ऑफ इण्डिया, यूएनडीपी और यूनीसेफ को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने इस सम्मेलन में युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसर तथा विदेश की आवश्यकताओं के अनुसार युवाओं के लिए कौशल विकास के कोर्स संचालित करने पर एक विशेष सत्र आयोजित करने को कहा। उन्होंने कौशल विकास के साथ विदेशी भाषाओं के कोर्स संचालित करने की रणनीति पर भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती रतूड़ी ने विशेष रूप से वन विभाग को कौशल विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित

करते हुए राज्य में ट्रेकिंग के लिए आने वाले पर्यटको के लिए स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना बनाने को भी कहा।

## स्वच्छता पखवाड़ा

प्रदेशभर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान राज्य में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में चंपावत जिले में सशस्त्र सीमा बल की पंचम वाहनी ने ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान एसएसबी के जवानों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। एसएसबी पंचम वाहनी के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अभियान के तहत वाहिनी के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि वाहिनी 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाएगी। वहीं, टिहरी जिले में नगर पालिकाओं और पंचायतो में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद ने नई टिहरी शहर के कई वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।

## प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना

प्रदेश के सात जिलों के 15 ब्लॉकों के 128 जनजाति बाहुल्य ग्रामों का चयन प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के लिए किया गया हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चयनित जनपदों के जिलाधिकारियों को जनजातीय गांवो में शिविर लगाकर जनजातीय समुदायों को जनजाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के लिए कार्य करने वाले सभी 17 विभागों को नोडल अधिकारी नामित करने को कहा है। नोडल अधिकारी 27 सितम्बर को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित मंथन शिविर में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य सचिव ने इन गांवों में शिविर लगाकर पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और विद्युतीकरण योजनाओं का लक्ष्य शत–प्रतिशत पूरा करने को कहा है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की ओर से शुरू किए गए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 25 कार्यक्रम शामिल किए गये हैं जिन्हें 17 मंत्रालयों के माध्यम से कार्यान्वित कराया जायेगा।

## समीक्षा–गड्ढा मुक्त सड़कें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की सभी सड़कों को 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित सभी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। उन्होंने सचिव, विभागाध्यक्ष और सभी जिलाधिकारियों को पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करने को भी कहा है।

मुख्यमंत्री ने मॉनसून के बाद होने वाली जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। जल जनित रोगों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग नियमित जागरूकता अभियान चलाने के कहा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

## श्राद्ध पक्ष

उत्तराखंड में पित्रों के तर्पण, पिंडदान व श्राद्ध के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बदरीनाथ स्थित ब्रह्म कपाल में तर्पण के लिए हर दिन तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। हरिद्वार स्थित नारायणी शिला, देवप्रयाग स्थित गंगा व अंलकनंदा के संगम के साथ ही गंगोत्री तथा यमुनोत्री धाम में भी बड़ा संख्या में श्रद्धालु पित्रों के पिंडदान, तर्पण व श्राद्ध के लिए आ रहे हैं। गंगोत्री क्षेत्र के पुरोहित पंडित सुरेश शास्त्री ने कहा कि श्राद्ध पक्ष में तर्पण, श्राद्ध आदि करने से पित्रों तृप्त होते हैं और श्राद्ध, तर्पण करने वाले को आशीर्वाद देते हैं।

## मानक मंथन कार्यक्रम

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आज देहरादून में मानक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही एमडीडीए, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के कर्मचारी तथा अधिकारियों को संवेदीकरण कार्यक्रम के तहत विभिन्न मानकों से परिचित कराया गया। इसमें डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## निरीक्षण

पौड़ी मुख्यालय में स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह का आज मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी.के.बिष्ट ने निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति बीके बिष्ट ने कहा कि भ्रमण का उद्देश्य बाल सुधार गृहों में कैद बच्चों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। न्यायमूर्ति बी.के.बिष्ट ने संप्रेक्षण गृह में प्रवेश और निकासी सम्बंधी पंजिकाओं के साथ–साथ सीसीटीवी फुटेज, शयन कक्ष, ऑब्जवेशन कक्ष, मनोरंजन कक्ष, रसोईघर, स्टोर सहित शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होने बाल सम्प्रेक्षण गृह में अतिरिक्त सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।